10.2% तक बढ़ सकता है चीनी का उत्पादन

[जयश्री | पुणे]

प्राइवेट शुगर इंडस्ट्री बॉडी इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन (ISMA) के अनुसार, 2018-19 सीजन में भारत में शुगर प्रॉडक्शन 8.6 से 10.2% तक बढ़ने की उम्मीद है। ISMA ने उम्मीद जताई है कि 2018-19 में शुगर का प्रॉडक्शन 350 से 355 लाख टन के बीच में होगा। 2017-18 में यह प्रॉडक्शन 322.5 लाख टन था।

ISMA ने एक बयान में कहा, '2017-18 के सत्र में हुए लगभग 322.5 लाख टन के शुगर प्रॉडक्शन से इस साल 28-33 लाख टन अधिक प्रॉडक्शन होने की उम्मीद है। यह सामान्य बारिश की संभावना के चलते है।' जून 2018 में ली गईं सैटेलाइट इमेजेज के अनुसार, 2018-19 के शुगर सीजन में देशभर में 54.35 लाख एकड़ में गन्ना लगाया गया है। यह पिछले सीजन के लगभग 50.42 लाख हेक्टेयर की तुलना में 8% ज्यादा है। 2018-19 में गन्ने का रकबा 2013-14 और 2014-15 के समान है। इन दोनों सीजन में 54 लाख हेक्टेयर से थोड़ा कम रकबा था।

ISMA को 2018-19 में शुगर प्रॉडक्शन 350 से 355 लाख टन होने की उम्मीद, 2017-18 में 322.5 लाख टन था

देश में शुगर प्रॉडक्शन में महत्वपूर्ण स्थान रखने वाले उत्तर प्रदेश में भी इस साल रकबा बढ़कर 23.40 लाख हेक्टेयर हो गया है। पिछले साल यह 23.30 लाख हेक्टेयर था। रकबा बढ़ने और Co0238 जैसी अच्छी क्वॉलिटी के गन्ने की बुआई के चलते ISMA इस साल अच्छे पैदावार की उम्मीद कर रही है। 2018-19 सीजन में यूपी में शुगर का प्रॉडक्शन बढ़कर 130-135 लाख टन होने की उम्मीद है।

पिछले सीजन में यह 120.5 टन था। महाराष्ट्र में गन्ने का रकबा 2017-18 सीजन के 9.15 लाख हेक्टेयर से 25% बढ़कर 2018-19 सीजन में 11.42 लाख हेक्टेयर हो गया है। राज्य में 2017-18 सीजन में 108 टन प्रति हेक्टेयर के हिसाब से रिकॉर्ड पैदावार हुई थी। समान परिस्थितियां होने के बावजूद रतून गन्ने की वजह से इस सीजन में पिछले साल की तुलना में कम पैदावार की आशंका है। इस सीजन में 110 - 115 लाख टन शुगर प्रॉडक्शन की संभावना है, जबकि पिछले सीजन में यह 107.15 लाख टन था। 2017-18 सीजन के दौरान 30 जून, 2018 तक 321.95 लाख टन शुगर का उत्पादन हुआ है।

Economic Times
17/7/18